पाठ 1 भाषा *(Language)*

सभी प्राणी अपनी बात को समझाने के लिए कुछ ध्वनियों का प्रयोग करते हैं। ये ध्वनियाँ सांकेतिक, मौखिक व लिखित रूप में होती है। सभी पशु-पक्षी व छोटे जीव भी अलग-अलग ध्वनियाँ निकालकर अपने मन के भाव व विचारों को प्रकट करते हैं। वह उनकी बोली होती है। भाषा का प्रयोग केवल मनुष्य ही कर सकता हैं। इसलिए मनुष्य ही अपने मन के भावों व विचारों को भाषा के रूप में बोलकर लिखकर व्यक्त करता है।

इन चित्रों को देखिए, पढ़िए और समझिए-



इस चित्र में दोनों हाथी अपनी सांकेतिक बोली से मन के विचारों को बता रहे हैं। लेकिन हम उसे समझ नहीं पाएँगे।

इसमें दोनों प्राणी अपनी-अपनी बोली में बात कर रहे हैं। लेकिन वे एक-दूसरे की भाषा को समझ नहीं पा रहे हैं।

इस चित्र में माँ अपने बच्चे के सांकेतिक भाव को समझ रही है और उसे खिलौना दे रही है।

इस दृश्य में वे दोनों बोलकर बातें कर रहे हैं और अपने मन के विचारों को प्रकट कर रहे हैं। इस प्रकार वे भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

भाषा की परिभाषा– अपने मन के भाव और विचारों को दूसरों तक प्रकट करने के साधन को **भाषा** कहते हैं।

भाषा के रूप

भाषा के दो रूप होते हैं– 1. मौखिक 2. लिखित



मौखिक भाषा– जब हम बोलकर अपनी बात को दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरों की बात सुनकर समझते हैं, इसे **मौखिक भाषा** कहते हैं।

इस चित्र में अध्यापिका मौखिक भाषा का प्रयोग करके बच्चों के साथ बात कर रही है।

लिखित भाषा– जब हम लिखकर अपनी बात दूसरों को समझाते हैं और वह पढ़कर समझता है। इसे **लिखित भाषा** कहते हैं।

इस प्रकार इस चित्र में अध्यापिका, बच्चों को श्यामपट पर समझा रही है और बच्चे पढ़ रहे हैं और समझ रहे हैं।

इसी प्रकार सभी जीव-जन्तु भी आपस बात करते हैं और वह उनकी बोली है। जिसे वे आपस में समझ सकते हैं। हम उसे समझ नहीं पाते।



सभी देशों की अपनी अलग-अलग भाषा होती है। जैसे- जापान की जापानी, रूस की रशियन, भारत की हिंदी, अमेरिका की अंग्रेज़ी, आदि।

हमने सीखा-

- जब हम अपनी बात को एक-दूसरे तक पहुँचाने के लिए जिस साधन को अपनाते हैं, उसे भाषा कहते हैं।
- भाषा के दो रूप होते हैं- (1) मौखिक भाषा (2) लिखित भाषा

मौखिक भाषा- जब हम बोलकर अपनी बात को दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरों की बात सुनकर समझते हैं। इसे **मौखिक भाषा** कहते हैं।

लिखित भाषा- जब हम लिखकर अपनी बात दूसरों को समझाते हैं और वह पढ़कर समझता है। इसे **लिखित भाषा** कहते हैं।

अभ्यास कार्य

1. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–

(क) पशु-पक्षियों की अपनी .... होती है। (भाषा/बोली)

(ख) हम अपनी बात दूसरे तक पहुँचाने के लिए .... का प्रयोग करते हैं। (भाषा/जिज्ञासा)

(ग) जब हम आपस में बात करते हैं, तो उसे .... भाषा कहते हैं। (मौखिक /लिखित)

(घ) जब हम कागज़ या कहीं पर लिखकर दूसरे को अपनी बात बताते हैं। उसे ....भाषा कहते हैं। (मौखिक/लिखित)

2. निम्नलिखित वाक्यों में सही (✓) व गलत (✗) का निशान लगाइए–

(क) मनुष्य, पशु-पक्षियों की बोली समझ सकता है। ☐

(ख) हम अपनी बात से दूसरे व्यक्ति की भाषा समझ सकते हैं। ☐

(ग) लिखकर दूसरों को समझाना लिखित भाषा है। ☐

(घ) जब हम आपस में बात करते हैं और एक-दूसरे को सुनते हैं। ये मौखिक भाषा है। ☐

3. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर सही (✓) व गलत (✗) का निशान लगाइए–



लिखित भाषा ☐
मौखिक भाषा ☐



लिखित भाषा ☐
मौखिक भाषा ☐